# माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

दीपावली प्रधान[1], डॉ पुष्पा शर्मा[2], डॉ गायत्री जय मिश्रा[3]

*[1]शोधार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़*

*[2]सह प्राध्यापक मनसा शिक्षा महाविद्यालय कुरुद छत्तीसगढ़*

*[3]सह प्राध्यापक श्री शंकराचार्य महविद्यालय जुनवानी भिलाई*

सारांश :- **प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है।अतः शोध अध्ययन हेतु यादृच्छिक न्यादर्शन विधि से महासमुंद ज़िले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों से कक्षा 9वीं के कुल 500 छात्र एवं छात्राओं को न्यादर्श के रूप में लिया गया है।शोध उपकरण हेतु अधिगम शैली के लिये के एस मिश्रा द्वारा निर्मित अधिगम शैली सूची का प्रयोग किया गया है एवं विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि के मापन हेतु स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है।अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के सांख्यकीय विश्लेषण हेतु 2*2*3 कारकीय अभिकल्प प्रसरण विश्लेषण का प्रयोग किया गया है।अतः अध्ययन के परिणाम दर्शाते है कि विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर प्रभाव पाया गया साथ ही यह भी पाया गया कि विद्यार्थियों के क्षेत्र एवं लिंग का भी सार्थक प्रभाव उनकी उपलब्धि पर पाया जाता है।**

## प्रस्तावना

किसी व्यक्ति के अधिगम शैली उसके सिखने के तरीक़ा या सूचना प्राप्त करने के तरीक़े को दर्शाता है] चूँकि व्यक्तिगत विभिन्नता के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति के सीखने का तरीक़ा भी भिन्न भिन्न होता है।अधिगम में अधिगम शैली का बहुत ही महत्व होता है] अधिगम शैली के ज्ञान से ही शिक्षक अपने विद्यार्थी को ज्ञान प्रदान करता है ] जिससे विद्यार्थी को अधिकतम एवं स्थाई ज्ञान प्राप्त हो सके।प्रज्ञा चतुर्वेदी (2018) के अनुसार अधिगम शैली छात्रों को कक्षा-कक्ष में अनुदेशन एवं अधिगम को प्रभावित करती है क्योंकि अधिगम शैली छात्र की उस युक्ति या तरीक़ा को बताती है] जिसे वह प्रकियाओं का ग्रहण करने] सूचनाओं को समझने एवं धारण करने के लिए पसंद करता है। विद्यार्थी द्वारा किसी स्तर में विद्यालय के अंदर एवं बाहर जो कुछ भी सीखती है वह उस विद्यार्थी की अधिगम उपलब्धि कहलाती है। प्रस्तुत अध्ययन में विद्यार्थी के अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

## समस्या कथन

"माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन"

## उद्देश्य

1) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिंग का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

2) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के क्षेत्र का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

3) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना

H01 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिंग का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।
H02 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के क्षेत्र का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।
H03 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।

शोध विधि

प्रस्तुत शोध के अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या

अध्ययन हेतु महासमुंद ज़िले के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं के सभी विद्यार्थियों को जनसंख्या के रूप में लिया गया है।

न्यादर्श

न्यादर्श का चयन यादृच्छिक विधि से किया गया है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद ज़िले के 16 (ग्रामीण 10 एवं 6 शहरी) शासकीय माध्यमिक विद्यालयों से कुल 500 (250 छात्र व 250 छात्राएँ) को न्यादर्श के रूप में लिया गया है।

शोध उपकरण

अधिगम शैली - प्रस्तुत शोध अध्ययन में विद्यार्थियों की अधिगम शैली हेतु के एस मिश्रा द्वारा निर्मित अधिगम शैली सूची का प्रयोग किया गया है। इस सूची में 42 प्रश्न है जो 6 क्षेत्रों में विभाजित है ] यह क्षेत्र है& 1 सक्रिय पुनरुत्पादन 2-सक्रिय रचनात्मक 3-दृश्य पुनरुत्पादन 4-दृश्य रचनात्मक 5- शाब्दिक पुनरुत्पादन 6-शाब्दिक रचनात्मक। यह सूची कक्षा 9वीं से स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों पर प्रसाशित किया गया है।

उपकरण की विश्वसनीयता :- अधिगम शैली की अल्फ़ा विश्वसनीयता का गणना किया गया जिसमें तीन अधिगम शैली तथा उनके मूल्य क्रमशः सक्रिय अधिगम शैली का 0.682 चित्रात्मक अधिगम शैली का 0.742 तथा शाब्दिक अधिगम शैली का 0.903 है ¼N&150½।

उपकरण की वैधता:- अधिगम शैली के मध्य प्रोडक्ट मोमेंट कोरलेशन लगाकर अधिगम शैली सूची की आंतरिक वैधता ज्ञात किया गया।

अधिगम उपलब्धि - शोधकर्ता ने अधिगम उपलब्धि के मापन के लिये स्वनिर्मित उपकण का प्रयोग किया। अधिगम उपलब्धि उपकण में कक्षा ९वीं के स्तर के विद्यार्थियों के हिन्दी ]सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषय के कुल ५० प्रश्न को सम्मिलित किया गया है।प्रत्येक सही उत्तर के लिये १अंक एवं ग़लत के लिए ० अंक दिया गया है।

उपकरण की विश्वसनीयता:- प्रस्तुत उपकरण की विश्वसनीयताज्ञात करने के लिए Cronbach's Alpha Reliability test का प्रयोग किया गया है |अधिगम उपलब्धि मापनी का Cronbach's Alphaa का मान .801 ज्ञात हुआ। प्रस्तुत उपकरण के परिक्षण हेतु SPLIT HALF TEST भी किया गया जिसका मान 0.854 प्राप्त हुआ ¼N=100½।

परिसीमाएँ

अध्ययन की सार्थकता एवं सफलता हेतु उनकी प्रकृति के आधार पर अध्ययन को निम्न क्षेत्रों में सीमांकित किया गया है&

1 प्रस्तुत शोध कार्य को छत्तीसगढ़ के महासमुंद ज़िले के ग्रामीण तथा शहरी के माध्यमिक स्तर के शासकीय विद्यालयों तक सीमित किया गया है।

2 न्यादर्श को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वींa के विद्यार्थियों तक सीमित किया गया है।
3 प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में 500 विद्यार्थियों को लिया गया है।जिसमें 250 ग्रामीण (125छात्र एवं 125 छात्राएँ) एवं 250 शहरी (125छात्र एवं 125 छात्राएँ) विद्यार्थी है।
4 प्रस्तुत शोध अध्ययन में विद्यार्थियों के अधिगम शैली को प्राप्तांकों के आधार पर उसे उच्च] औसत एवं निम्न अधिगम शैली में विभाजित किया गया है] एवं उसका प्रभाव अधिगम उपलब्धि पर देखा गया है।
5 शोध अध्ययन में अधिगम उपलब्धि के लिए कक्षा ९वीं के स्तर के हिन्दी] विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय के आधार पर स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है ] तथा अध्ययन में तीनों विषयों के अंक को सम्मिलित रूप से लिया गया है।

सांख्यिकीय विधियाँ

प्रस्तुत शोध में सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु 2*2*3 कारकीय अभिकल्प प्रसारण विश्लेषण (ANOVA) का प्रयोग किया गया है।

सांख्यिकीय विश्लेषण

H01 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिंग का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।

तालिका क्रमांक 01: लिंग के आधार पर विद्यालयीन विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि मुख्य प्रभावों के संदर्भ में प्रसरण विश्लेषण का सारांश


| | वर्गों का योग | स्वतंत्रता की कोटि | मध्यमान का वर्ग | F |
|---|---|---|---|---|
| Between Groups | 1641.672 | 1 | 1641.672 | 29.394 |
| Within Groups | 27813.320 | 498 | 55.850 | |
| Total | 29454.992 | 499 | | |

लिंग के मुख्य प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 1,499 पर F का मान 29.394 है। जबकि तालिका का मान 3.841 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः लिंग के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिंग का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।।" अस्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक 02: विद्यार्थियों का लिंग के आधार पर उनकी अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन

| क्षेत्र | विद्यार्थियों की संख्या | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन | विचलन (Variance) |
|---|---|---|---|---|
| छात्रा | 250 | 25.31 | 6.187 | 53.979 |
| छात्र | 250 | 21.68 | 8.569 | 52.709 |
| कुल | 500 | 23.50 | 7.683 | |

आरेख क्रमांक 01: विद्यार्थियों का लिंग के आधार पर उनकी अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन




ऊपर प्रदर्शित आरेख एवं तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि छात्राओं की अधिगम उपलब्धि छात्रों की अपेक्षा अधिक है] तालिका अनुसार छात्राओं की अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.31 और प्रामाणिक विचलन 6.187 है ] जबकि छात्रों का मध्यमान 21.68 और प्रामाणिक विचलन 8.569 है। संभवतः इसका कारण हो सकता है कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं में अध्ययन के प्रति रुचि अधिक होती है। ची, के.एच., पिनो, एन.डब्ल्यू., और स्मिथ, डब्ल्यू.एल. (2005) ने पाया कि महिलाओं में पुरुषों की तुलना में शैक्षणिक नैतिकता होने की अधिक संभावना होता है। डिप्रेट, टी. ए., और जेनिंग्स, जे. एल. (2012)ने सिद्ध किया है कि लड़कों को सामाजिक और व्यवहारिक कौशल में उनकी महिला साथियों के समान ही शैक्षणिक वापसी मिलती है] लेकिन लड़कियाँ अधिक उन्नत सामाजिक और व्यवहारिक कौशल के साथ स्कूल शुरू करती हैं और समय के साथ उनका शैक्षिक कौशल लाभ बढ़ता जाता है।अतः इन विभिन्न अध्ययन से परिकल्पना की पुष्टि होती है कि विद्यार्थियों का लिंग उनके अधिगम उपलब्धि को प्रभावित करता है।

H02 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के क्षेत्र का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।

तालिका क्रमांक 03: क्षेत्र के आधार पर विद्यालयीन विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि मुख्य प्रभावों के संदर्भ में प्रसरण विश्लेषण का सारांश


| | वर्गों का योग | स्वतंत्रता की कोटि | मध्यमान का वर्ग | F |
|---|---|---|---|---|
| Between Groups | 2889.608 | 1 | 2889.608 | 54.169 |
| Within Groups | 26565.384 | 498 | 53.344 | |
| Total | 29454.992 | 499 | | |

क्षेत्र के मुख्य प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 1,499 पर F का मान 54.169 है। जबकि तालिका का मान 3.841 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः क्षेत्र के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना “माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के क्षेत्र का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।” अस्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक 04: विद्यार्थियों का क्षेत्र के आधार पर उनकी अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन

| क्षेत्र | विद्यार्थियों की संख्या | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन | विचलन (Variance) |
|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 250 | 21.09 | 7.347 | 53.979 |
| शहरी | 250 | 25.90 | 7.260 | 52.709 |
| कुल | 500 | 23.50 | 7.683 | |

आरेख क्रमांक 02: विद्यार्थियों का क्षेत्र के आधार पर उनकी अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन




उपर्युक्त तालिका एवं आरेख के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण विद्यार्थीयो के अधिगम उपलब्धि के मध्यमान 21.09 तथा प्रामाणिक विचलन 7.347 है जबकि शहरी विद्यार्थियों के मध्यमान 25.90 व प्रामाणिक विचलन 7.260 है] अतः मध्यमानों के अंतर से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण विद्यार्थियों की अपेक्षा शहरी विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि अधिक होती है। संभवतः इसका कारण ग्रामीण विद्यार्थियों के पास शहरी विद्यार्थियों की अपेक्षा कम संसाधनों की उपलब्धता हो सकती है।

H03 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।

तालिका क्रमांक 05: लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर विद्यालयीन विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर मुख्य एवं संयुक्त प्रभावों के संदर्भ में प्रसारण विश्लेषण का सारांश

| प्रसारण का स्रोत | वर्गों का योग | स्वतंत्रता की कोटि | मध्यमान वर्ग | F मान |
|---|---|---|---|---|
| अधिगम शैली | 493.532 | 2 | 246.766 | 5.054 |
| लिंग | 630.130 | 1 | 630.130 | 12.906 |
| क्षेत्र | 2022.589 | 1 | 2022.589 | 41.427 |
| अधिगम शैली * लिंग | 201.202 | 2 | 100.601 | 2.061 |
| अधिगम शैली * क्षेत्र | 34.536 | 2 | 17.268 | .354 |
| लिंग * क्षेत्र | 53.839 | 1 | 53.839 | 1.103 |
| अधिगम शैली * लिंग * क्षेत्र | 318.309 | 2 | 159.154 | 3.260 |
| त्रुटि | 23825.719 | 488 | 48.823 | |
| योग | 305486.000 | 500 | | |
| संशोधित योग | 29454.992 | 499 | | |

मुख्य प्रभाव


अधिगम शैली का प्रभाव :-

अधिगम शैली के मुख्य प्रभाव 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 2,499 पर F का मान 5.054 है। जबकि तालिका का मान 3.00 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः अधिगम शैली के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।" अस्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक 06: विद्यार्थीयो के अधिगम शैली के आधार पर अधिगम उपलब्धि प्राप्तांकों के मध्यमान एवं प्रामाणिक विचलन

| अधिगम शैली | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| उच्च अधिगम शैली | 25.29 | 7.403 | 198 |
| औसत अधिगम शैली | 23.23 | 7.440 | 91 |
| निम्न अधिगम शैली | 21.93 | 7.720 | 211 |

आरेख क्रमांक 03




विद्यार्थीयो के अधिगम शैली के आधार पर अधिगम उपलब्धि प्राप्तांकों के मध्यमान एवं प्रामाणिक विचलन के अवलोकन से पता चलता है कि उच्च अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों के अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.29 व प्रामाणिक विचलन 7.40 है जो अन्य अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों से काफ़ी अधिक है जबकि औसत अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों के अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.29 व प्रामाणिक विचलन 7.40 है तथा निम्न अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों के अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.29 व प्रामाणिक विचलन 7.40 है जी की सबसे कम अधिगम उपलब्धि को प्रदर्शित करता है। रावल ए बी (2017) के अध्ययन भी यही दर्शाता है कि विद्यार्थियों की अधिगम शैली उनके अधिगम उपलब्धि को प्रभावित करती है।


लिंग का प्रभाव :-

लिंग के मुख्य प्रभाव 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 1,499 पर F का मान 12.906 है। जबकि तालिका का मान 3.841 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः लिंग के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना “माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।” अस्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक 07: विद्यार्थीयो के लिंग के आधार पर अधिगम उपलब्धि प्राप्तांकों के मध्यमान एवं प्रामाणिक विचलन

| लिंग | संख्या | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन |
|---|---|---|---|
| छात्रा | 250 | 25.31 | 6.187 |
| छात्र | 250 | 21.68 | 8.569 |

आरेख क्रमांक 04




तालिका एवं आरेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि छात्राओं की अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.31 एवं प्रामाणिक विचलन 6.187 है जबकि छात्रों का मध्यमान 21.68 एवं प्रामाणिक विचलन 8.569 है। मध्यमानों की तुलना करने पर यह पता चलता है कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं में अधिगम उपलब्धि अधिक पाई जाती है। मैथ्यूज, जे.एस., पोनित्ज़, सी.सी., और मॉरिसन, एफ.जे. (2009)के परिणामों से भी पता चला कि लड़कियों ने दोनों मूल्यांकनों में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करते है ।इसका संभवतः कारण यह हो सकता है कि छात्राओं में छात्रों की अपेक्षा अध्ययन के प्रति लगन व ईमानदारी अधिक होती है जिसके फलस्वरूप उनमें अधिगम उपलब्धि अधिक पाई जाती है।


क्षेत्र का मुख्य प्रभाव :-

क्षेत्र के मुख्य प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 1,499 पर F का मान 41.427 है। जबकि तालिका का मान 3.841 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः क्षेत्र के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना “माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।” अस्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक 08: विद्यार्थीयो के क्षेत्र के आधार पर अधिगम उपलब्धि प्राप्तांकों के मध्यमान एवं प्रामाणिक विचलन

| लिंग | संख्या | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 250 | 21.09 | 7.347 |
| शहरी | 250 | 25.90 | 7.260 |
| कुल | 500 | 23.50 | 7.683 |

आरेख क्रमांक 05




तालिका एवं आरेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 21.09 एवं प्रामाणिक विचलन 7.347 है जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 25.9 एवं प्रामाणिक विचलन 7.26 है। मध्यमानों की तुलना करने पर यह पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि अधिक पाई जाती है।यंग] डी.जे. (1998)ग्रामीण स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र शहरी स्कूलों के छात्रों के समान अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसका संभवतः कारण यह हो सकता है कि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की अपेक्षा अध्ययन के प्रति रुचि अधिक होती है जिसके फलस्वरूप उनमें अधिगम उपलब्धि अधिक पाई जाती है।

अंतःक्रियात्मक प्रभाव -

लिंग * क्षेत्र का प्रभाव :-

लिंग एवं क्षेत्र के अंतःक्रियात्मक प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 1,499 पर F का मान 1.103 है। जबकि तालिका का मान 3.841 है। गणना मान तालिका मान से कम है। अतः लिंग व क्षेत्र के अंतः कियात्मक प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।" स्वीकृत होती है। तात्पर्य यह है कि विद्यार्थियों के लिंग व क्षेत्र के अंतः क्रियात्मक प्रभाव का उनके अधिगम उपलब्धि पर कोई प्रभाव नई पाया जाता है।

अधिगम शैली * लिंग का प्रभाव :-

क्षेत्र के मुख्य प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 2,499 पर F का मान 2.061 है। जबकि तालिका का मान 3.00 है। गणना मान तालिका मान से कम है। अतः अधिगम शैली व लिंग के अंतः कियात्मक प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।" स्वीकृत होती है।

अधिगम शैली* क्षेत्र का प्रभाव :-

क्षेत्र के मुख्य प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 2,499 पर F का मान .354 है। जबकि तालिका का मान 3.00 है। गणना मान तालिका मान से कम है। अतः क्षेत्र के मुख्य प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।" स्वीकृत होती है। अतः अधिगम शैली तथा क्षेत्र के अंतः संबंध का उनके अधिगम उपलब्धि पर कोई प्रभाव नई पाया जाता है।

अधिगम शैली* लिंग * क्षेत्र का प्रभाव :-

अधिगम शैली ,लिंग व क्षेत्र के अंतः क्रियात्मक प्रभाव का 0.005 सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रता की कोटि 2,499 पर F का मान 3.260 है। जबकि तालिका का मान 3.00 है। गणना मान तालिका मान से अधिक है। अतः अधिगम शैली ,लिंग व क्षेत्र के अंतः क्रियात्मक प्रभाव के लिए शून्य परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।" अस्वीकृत होती है।


तालिका क्रमांक 09: अधिगम शैली* लिंग * क्षेत्र के आधार पर विद्यार्थियों में अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान ,प्रामाणिक विचलन व विद्यार्थियों की संख्या

| अधिगम शैली | लिंग | क्षेत्र | मध्यमान | प्रामाणिक विचलन | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| उच्च | छात्रा | ग्रामीण | 24.18 | 6.468 | 45 |
| | | शहरी | 28.00 | 5.204 | 84 |
| | छात्र | ग्रामीण | 20.27 | 8.649 | 44 |
| | | शहरी | 27.00 | 8.261 | 25 |
| औसत | छात्रा | ग्रामीण | 22.23 | 4.942 | 26 |
| | | शहरी | 25.00 | 4.472 | 7 |
| | छात्र | ग्रामीण | 18.55 | 6.338 | 22 |
| | | शहरी | 26.47 | 8.450 | 36 |
| निम्न | छात्रा | ग्रामीण | 22.02 | 6.224 | 54 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी | 27.79 | 5.370 | 34 |
| | छात्र | ग्रामीण | 18.5 | 8.226 | 59 |
| | | शहरी | 21.48 | 7.848 | 64 |

आरेख क्रमांक 06

अधिगम शैली* लिंग * क्षेत्र के आधार पर विद्यार्थियों में अधिगम उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान ,प्रामाणिक विचलन व विद्यार्थियों की संख्या




तालिका व आरेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उच्च अधिगम शैली उच्च अधिगम उपलब्धि को एवं निम्न अधिगम शैली निम्न अधिगम उपलब्धि को प्रदर्शित करता है। अतः सबसे अधिक अधिगम उपलब्धि उच्च अधिगम शैली] शहरी क्षेत्र की छात्राओं की है जिनके अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 28.00 तथा प्रामाणिक विचलन 5.204 है। यह भी स्पष्ट होता है कि सबसे कम अधिगम उपलब्धि] निम्न अधिगम शैली वाले ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की है जिनके अधिगम उपलब्धि का मध्यमान 18.5 तथा प्रामाणिक विचलन 8.226 है।यह भी देखा गया कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की अधिगम उपलब्धि अधिक एवं शहरी की अपेक्षा ग्रामीण की अधिगण उपलब्धि कम प्राप्त हुआ है।

गरिमा ¼2016½ ने कहा विद्यार्थियों की बुद्धि पर अधिगम शैली का सार्थक प्रभाव पड़ता है। मिश्रा के-एस-¼2018½] शर्मा अशिता ए. ¼2009½] के अनुसार अधिगम शैली तथा अधिगम उपलब्धि में सार्थक प्रभाव पाया जाता है।इन अध्ययनों से प्रस्तुत खोज की परिकल्पना के परिणामों की पुष्टि होती है कि अधिगम शैली का अधिगम उपलब्धि पर प्रभाव पाया जाता है।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध अध्ययन में उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन किया गया है।अतः शोध अध्ययन के निष्कर्ष में यह प्राप्त हुआ है कि लिंग का विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि पर प्रभाव पाया जाता है यह देखा गया है कि छात्र की अपेक्षा छात्राओं की अधिगम उपलब्धि अधिक पाई गई है। एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की तुलना में शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि अधिक पाई गई है। उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर प्रभाव पाया गया] और यह देखा गया कि उच्च अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि अधिक जबकि निम्न अधिगम शैली वाले विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि कम पाई गई है। अतः शोध यह दर्शाता है कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अधिगम शैली का उनके अधिगम उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पाया जाता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

पाठ्य पुस्तक

➢ कपिल, एच.के. (1984) “अनुसंधान विधियों, ”हरिप्रसाद भार्गव , 41230 कचहरी घाट, आगरा-4

➢ कपिल एच.के. ”साख्यिकी के मूल तत्व”

➢ कपिल एस.के. (1992-93), "अनुसंधान विधियाँ", आगरा, एच.पी. भार्गव, 4/280कचहरी घाट, पृ. 71.

➢ कोउल, लोकेश (2003)- "शैक्षिक अनुसंधान की विधियाँ" नई दिल्ली विकास पब्लिकेशन हाउस पी.बीटी. लिमिटेड पृ.क्र. 111-120.

➢ चौहान रीता(2013-14) "शिक्षा के सिद्धांत का विकास एवं समस्याएं",अग्रवाल पब्लिकेशन ISBN-978-93-82355-24-3

➢ बेरी निमिषा एवं जैन पी.बी.(2013-14), "विद्यालय व्यवस्था एवं शैक्षिक मूल्यांकन",अग्रवाल पब्लिकेशन,ISBN-978-93-82355-32-8.

➢ बेस्ट, जे.डब्ल्यु. एण्ड कॉन, जे. (2003), "रिसर्च इन एजूकशन", (9 एडिसन) नइ दिल्ली, पियर्सन प्रिटिगं हॉल ऑफ इंडिया।

➢ भटनागर आप.पी "शिक्षा अनुसंधान", मेरठ लाल बुक डिपो संस्करण द्धितीय पृष्ठ - 68,99,253

➢ मिश्रा मुरलीधर (2018), "भाषा माध्यम एवं अधिगम शैली",लालू प्रेस पब्लिकेशन,प्रथम संस्करण, ISBN-978-387-53145-5

➢ मंगल एस.के.एवं मंगल शुभ्रा(2020), "अधिगम एवं शिक्षण" ,पी.एच.आई.लर्निंग प्रिवेट लिमिटेट ISBN-978-93-88028-54-7 (e-book).

➢ मंगल एस.के.एवं मंगल शुभ्रा(2019), "अधिगम एवं विकास का मनोविज्ञान",पी.एच.आई.लर्निंग प्रिवेट लिमिटेट ISBN-978-93-88028-23-3 (e-book).

JOURNAL

[1] Adeyele, J. S. &.Yusuff, Y. S(2012). '' Effect of Teaching Method, Choice of Discipline and StudentLecturer Relationship on Academic Performance''. Journal of Economics and Sustainable Development. ISSN 2222-1700 (Paper) ISSN 2222-2855 (Online) Vol.3, No.7, 2012. www.iiste.org

[2] Agarwal, S. & Suraksha (2017). ''Study of Learning Style of male and female Students with reference to their Emotional Intelligence at Senior Secondary Level''. IOSR Journal Of Humanities And Social Science (IOSR-JHSS).Volume 22, Issue 6, Ver.11 (June. 2017),PP 76-82, e-ISSN: 2279-0837, p-ISSN: 2279-0845. www.iosrjournals.org

[3] Agarwal, S & Suraksha (2017). ''A Comparative Study of Learning style among male and female students of class XI ''. International Research Journal of Management Sociology & Humanity ( IRJMSH ).vol.8,issue 1,ISSN-2277-9809, P.P 117-122. www.irjmsh.com

[4] Ahmad , S. Johari, Anuar ,A. (2016). "The Relationship Between Learning Style and Student Achievement in History Subject" .IOSR,Journal of humanities and social science Vol. 21 ISSUE 7, July 2016 www.iosrjournals.org

[5] Ahmad, I., & Khan, N. (2012). "Relationship between parental socio-economic conditions and students' academic achievements: A case of district dir, Timergara, Pakistan". Global Advanced Research Journal of Educational Research and Review, 1(7), 137-142.

[6] http://garj.org/garjerr/index.htm

[7] Ahmar, F., & Anwar, E. (2013). "Socio Economic Status and its Relation to Academic Achievement of Higher Secondary School Students". IOSR Journal of Humanities and Social Science (IOSR-JHSS), 13(6), 13-20.e-ISSN: 2279-0837, p-ISSN: 2279-0845. www.Iosrjournals.Org

[8] Aida, N. & Hamidom, B. (2015). '' study on students learning styies according to gender factor''. journal of culture,societyand development. ISSN-2422-8400, An international peer-reviwed journal.vol.8

[9] Akhtar, Z. (2010). "The effects of learning styles and socio-economic status on learning achievement of secondary school students". Language of india.vol. 2, no. 6, page 92-101

[10] Akhtar, Z., & Niazi, K. (2011). "The relationship between socio-economic status and learning achievement of students at secondary level". International Journal of academic research, 3(2), 956-961.

[11] Albert, J . ,S. , Gulnaz , khan , K.,I.(2016). "Student Preferred Learning Style and

Academic Performance" Sci.Int. (Lahore) , 28(4) ,337-341.

[12] Anas et al. (2021). "The Relationship Between Students' Learning Styles and Academic Performance: Final Year Accounting Students."EDUCATUM – Journal of Social Science (EJOSS), Vol.7 No.1, 2021 ISSN 2289-9391 / eISSN 2462-2443 (1-9).https://doi.org/10.37134/ejoss.vol7.1.1.2021

[13] Babu, M. R. (2015). ''Learning Styles of Secondary School Students''. INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENTIFIC RESEARCH. Volume : 4,Issue : 6 | June 2015 ISSN No 2277 – 8179

[14] Babu,R.,U.,M.(2020). "A study on learning style of higher secondary school students". Shanalax international journal of education, vol.9, no. 1, page no. 163-168.https://orcid.org/0000-0002-0137-3955

[15] Bernstein, Jeffrey L., and Meizlish, Deborah S.. 2003. "Becoming Congress: A Longitudinal Study of the Civic Engagement Implications of a Classroom Simulation." Simulation and Gaming 34 (2): 198–219.Google Scholar

[16] Basit,A.(2018). ''Does lesrning style impact students academic performance?''. International Journal of Education, Learning and Training.Vol.2,(No.2),November-2017,ISSN:2289-6732, www.ftms.edu.my/journals/index.php/journals/ijelt

[17] Baylouny, Anne Marie. 2009. "Seeing Other Sides: Nongame Simulations and Alternative Perspectives of Middle East Conflict." Journal of Political Science Education 5 (3): 214–32.CrossRefGoogle Scholar

[18] Bhat M.,Ahmad(2016). "Effect of Socio Economic Status on Academic Performance of Secondary School Students". The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 (e) | ISSN: 2349-3429 (p) Volume 3, Issue 4, No. 56, DIP: 18.01.004/20160304 ISBN: 978-1-365-23992-2 http://www.ijip.in

[19] Bradley, R. H., & Corwyn, R. F. (2002). "Socioeconomic Status and Child Development". Annual Review of Psychology, 3(1), 371-399. http://dx.doi.org/10.1146/annurev.psych.53.100901.135233

[20] Burusic, J., Sakic, M., Babarovic, T., & Devic, I. (2013). "School achievement in urban and rural areas in Croatia: Is the quality of education equal for all?". The International Handbook of Cultures of Education Policy (Volume One): Comparative International Issues in Policy-Outcome Relationships-Achievement with Family and Community Involvement. Analytrics, Strasbourg, 187-217.

[21] Chaturvedi,P.(2018). "Learning and learning style". IJSRST , Volume 4 ,Issue 2, Print ISSN: 2395-6011 , Online ISSN: 2395-602X.

[22] Chauhan, D., K. (2013). "Balrampur Janpad Ke Madhyamik Star Ki Chatraon Ki Shaikshik Ev Samajik Samasyaon ka Samajik Arthik Star Shaikshik Uplabdhi Ev Samayojan Ke Paripreksh Me Adhyayan". http://hdl.handle.net/10603/247999

[23] Chauhan, Pradeep(2022). "B Ed Star Ke Vidyarthiyon ke Vyaktitva Par Unke Mulya Samajik Arthik Star Evam Sanvegatmak Buddhi ke Prabhav ka Adhyayan". http://hdl.handle.net/10603/483828

[24] Chee, K. H., Pino, N. W., & Smith, W. L. (2005). "Gender differences in the academic ethic and academic achievement". College Student Journal, 39(3), 604+. https://link.gale.com/apps/doc/A135842846/AONE?u=anon~6d2d1325&sid=googleScholar&xid=a3ab01ac

[25] Ciftçi S., K., & Cin F., M.(2017). "The Effect of Socioeconomic Status on Students' Achievement." The Factors Effecting Student Achievement pp-171-181

[26] Cimermanova,I.(2018).''The Efect of learning style on academic achievement in deffernt form of teaching.'' International Journal of Instruction. e-ISSN: 1308-1470, Vol.11, No.3, pp. 219-232. www.e-iji.net

[27] Coffey, Daniel J., Miller, William J., and Feuerstein, Daniel. 2011. "Classroom as Reality: Demonstrating Campaign Effects through Live Simulation." Journal of Political Science Education 7 (1): 14–33.Google Scholar

[28] Crosnoe, R., & Cooper, C. E. (2010). "Economically disadvantaged children's transitions into elementary school: Linking family processes, school contexts, and educational policy". American Educational Research Journal, 47(2), 258–291.

[29] Destomo, D. Istiatin, I., Sudarwati, S.(2021). "STUDENT LEARNING ACHIEVEMENTS REVIEWED FROM LEARNING FACILITIES,PEER ENVIRONMENT, MOTIVATION, AND

DISCIPLINE".International Journal of Economics, Business and Accounting Research (IJEBAR)Vol-5, Issue-3, 2021 (IJEBAR),E-ISSN: 2614-1280 P-ISSN 2622-4771 https://jurnal.stie-aas.ac.id/index.php/IJEBAR

[30] Dev, M. (2016). "Factors affecting the academic achievement: A study of elementary school students of NCR Delhi, India". Journal of Education and Practice, 7(4), 70-74.http://iiste.org/Journals/index.php/JEP

[31] DiPrete, T. A., & Jennings, J. L. (2012). "Social and behavioral skills and the gender gap in early educational achievement". Social Science Research, 41(1), 1-15.

[32] Eamon, M., K. (2005). "Social demographic, school, neighborhood and parenting influences on academic achievement of Latino young adolescents". Journal of Youth and Adolescence, 34(2), 163-175.

[33] Eliezer, J. (2022). "The relationship between learning styles,gender and learning outcome''. Cypriot journal of education sciences. 17(1),56-67 www.un-pub.eu

[34] Edgerton, E., & McKechnie, J. (2023). "The relationship between student's perceptions of their school environment and academic achievement". Frontiers in Psychology, 13, 959259.

[35] Erdern, C. & Kaya, M. (2020). " A Meta-Analysis of the Effect of Parental Involvement on Students' Academic Achievement". Journal of Learning for Development. ISSN: 2311-1550, Vol. 7, No. 3, pp. 367-383

[36] Fleming,Neil D.(1987). "The vark Modalities" Vark.learn.com. Aorchived Leron The Ariginal On 14th march 2015.

[37] Fleer, M. (2002). "Sociocultural theory: rebuilding the theoretical foundations of early childhood education". Delta: Policy and Practice in Education, 54(1&2), 105-119.

[38] Garima (2016). ''To Study the Effect of Learning Style on Intelligence of Secondary Schools Students''. International Journal of Engineering and Management Research. Volume-6, Issue-3, May-June 2016 Page Number: 765-767 ISSN (ONLINE): 2250-0758. www.ijemr.net

[39] Ghazivakili , Z. ,Nia ,R.,N.,Panahi ,F. ,Karimi ,M. ,Ahmad, z.(2014). "The Role of Critical Thinking skill and Learning Style of University Student in their Academic Performance". JAdv,med Educ.Prof 2014july; v2(3);95-102

[40] Govind, G.(2023). "IMPACT OF SOCIO-ECONOMIC FACTORS ON EUCATIONAL ACHIEVEMENT OF STUDENTS IN TRIVANDRUM".MANAGEMENT RESEARCHER, VOL. XXIX ,NO.4 ,OCT-DEC 2023, Page 22-33, ISSN : 2230-8431.

[41] Gupta, R.,R.,Thakur,M.(2014). "Study of achievement motivation in adolesence in relation to sex and socioeconomic status." International journal of Research in Social Science.Vol. 4,issue-2, page no. 380-392 online issn 2249-2496.

[42] Ha, N. T. T. (2021). "Effects of Learning Style on Students Achievement: Experimental Research". Linguistics and Culture Review, 5(S3), 329-339. https://doi.org/10.37028/lingcure.v5nS3.1515

[43] Hu, S., Hood, M., Creed, P. A., & Shen, X. (2022). "The Relationship Between Family Socioeconomic Status and Career Outcomes: A Life History Perspective". Journal of Career Development, 49(3), 600-615. https://doi.org/10.1177/0894845320958076

[44] Ibrahim, A.S (2014). ''Gender and learning style in Saudi arabiah school''. The clute institute international academic conference.King abdulaziz,Saudi Arabia.

[45] Ibrahim Yasar Kazu( 2009). "The effect of learning styles on education and the teaching process." Journal of Social Sciences 5(2): 85-94, 2009 ISSN 1549-3652

[46] Illahi,B.,Y., & Khandai,H. (2015). "Academic Achievements and Study Habits of College Students of District Pulwama".Journal of Education and Practice. ISSN 2222-1735 (Paper), ISSN 2222-288X (Online), Vol.6, No.31, 2015. www.iiste.org

[47] Irsad, H. (2014). ''gender comparison in style of learning english language at university level in southern punjab''. The sindhu university journal of education. 43,01-13.

[48] Islam M.,R.,& Khan Z.,N. (2017). "Impact of socioeconomic status on Academic Achievement Among the senior secondary school students."Indian journals.com. vol. 8 issue-3 page no. 643-648 online isse 2230-7311.

[49] Jahanbakhsh,R.(2012). ''Learning styles and academic achievement:A case study of Iranian high school girls student''. Prcocedia-social and behavioural science. https://doi.org/10.1016/j.sbspro.2012.08.282

[50] Johan,A.,Shahzadi,G.&Khan,K.I.(2016).‘’students preferred learning style & academic achievement .’’ Sci.Int.(Lahore),28(4),337-341 ,2016 ISSN 1013-5316;CODEN: SINTE 8

[51] Kamarraju,M.,Karai,S.J.,Schmeck,R.R.,Avdic, A.(2011).“The big five personality traits, learning style and academic achievement.”Personality and individual differences, vol. 51, No.4 (2011), page no.472-477. https://doi.org/10.1016/j.paid.2011.04.19

[52] Kazu I.Y.(2009)., “The Effect of Learning Styles on Education and the Teaching Process.” Journal of Social Sciences 5(2): 85-94, 2009 ISSN 1549-3652

[53] Kapinga Orestes Silverius (2014). “The Impact of Parental Socioeconomic Status on Students’ Academic Achievement in Secondary Schools in Tanzania”. International Journal of Education ISSN 1948-5476, Vol. 6, No. 4 URL: http://dx.doi.org/10.5296/ije.v6i4.6420

[54] Karataş, E., & Yalin, H.I. (2021). “ The Impact of Matching Learning-Teaching Styles on Students’ Academic Achievement”. Eurasian Journal of Educational Research. N. 92 p 377-402.DOI:10.14689/EJER.2021.92.18Corpus ID: 233405748

[55] Karns, G. L. (2006). “Learning Style Differences in the Perceived Effectiveness of Learning Activities”. Journal of Marketing Education, 28(1), 56-63. https://doi.org/10.1177/0273475305284641

[56] Khaliq A, Baig I. A. , Ameen M. Mirza E. A. (2016). “Socioeconomic Status and Students’ Achievement Score at Secondary Level: A Correlational Study”.International Journal of Research in Education and Social Science. Volume 1, Issue 2 (June 2016) , ISSN: 2414-8792 (Print), 2415-2528 (Online) , www.ijress.com

[57] Kolb (1987). Experimental Learning Prentice-,Hall,Englevood Cliffs,NJ.

[58] K.,Vidyakala,P.,Nandini, J.,Deepa(2019). “A conceptual study on relationship between learning styles and academic performance”. International journal of management IT and Engineering.2019, vol 3, issue 3, page no. 261-266,online isse 2249-0558.

[59] Kumar,S. ,Agarwal,M. & Agarwal,N.(2021). ‘’ Defining And Measuring Academic Performance of Hei StudentsA Critical Review’’. Turkish Journal of Computer and Mathematics Education. Vol.12 No.6 (2021), 3091-3105

[60] Kumar, S. (2015). “A Study on Learning Strategies and Academic Achievement of Higher Secondary School Students”. 4. 309-310. 10.36106/gira.

[61] Lastri, L., Kartikowati, S., & Sumarno, S. (2020). “Analysis of factors that influence student learning achievement”. Journal of Educational Sciences, 4(3), 679-693.

[62] Ling A., S., Basit Abdul, Hassan Zubair (2018). “DOES LEARNING STYLE IMPACT STUDENT ACADEMIC PERFORMANCE?”.International Journal of Education, Learning and Training Vol. 2 (No.2), ISSN:2289-6732 DOI: 24924/ijelt/2017.11/v2.iss2/1.13www.ftms.edu.my/journals/index.php/journals/ijelt

[63] Liu, J., Peng, P. & Luo, L. “The Relation Between Family Socioeconomic Status and Academic Achievement in China: A Meta-analysis”. Educ Psychol Rev 32, 49–76 (2020). https://doi.org/10.1007/s10648-019-09494-0

[64] Lorna, L.,Gappi (2013). “Relationship between learning style preference and academic performance of student”.Iternational journal of education Research and technology.P-ISSN 0976-4089; E-ISSN 2277-1557 :IJERT;Vol.4(2) June 2013; 70-76 www.soeagra.com/ijert/ijert.htm

[65] Matthews, J. S., Ponitz, C. C., & Morrison, F. J. (2009). “Early gender differences in self-regulation and academic achievement”. Journal of Educational Psychology, 101(3), 689–704. https://doi.org/10.1037/a0014240

[66] Mangal, S.K. (2002). Advanced Educational Psychology. New Delhi: PHI Learning Private Limited.

[67] Mangal, S. K. (2010). Statistics in Psychology and Education. New Delhi: PHI Learning Private Limited.

[68] Marcenaro–Gutierrez, O., Lopez–Agudo, L. A., & Ropero-García, M. A. (2018). “Gender Differences in Adolescents’ Academic Achievement”. YOUNG, 26(3), 250-270. https://doi.org/10.1177/1103308817715163

[69] Misra, K.S. (2005). Learning style inventory, National Psychological Corporation, Agra.

[70] Mumford,Alan(1997). “Putting Learning Styles To Work” Action Learnig At Work Aldershor,Ha.pnpshire, Brookfield Vt Gower PP.125-135 ISBN.

[71] M., Akhtar, S., Hussain, I., & Akhtar, Z. (2012). “Effects of Family Structure on the Academic Performance of Students at Elementary Level in District Karak, Khyber Pakhtunkhwa (Pakistan)”. Journal of Sociological Research, 3, 2.

[72] Mehri,B.,Fazollah,Y.(2015). “Examine the relationship between upbringing style control-free family learning style of students”. International journal of physical and social science 2015, vol. 5 , issue 3, page no. 551-553, online isse 2249-5894.

[73] Mishra, K.S. (2018). ‘’ learning styles of undergrauduate and post grauduate students’’. An international journal of education technology. 8(2):39-45@2018New delhi publisher:All right reserved Online ISSN-2249-5223.

[74] Munir, J., Faiza, M., Jamal, B., Daud, S., & Iqbal, K. (2023). “The Impact of Socio-economic Status on Academic Achievement”. Journal of Social Sciences Review, 3(2), 695-705. ০৪३

[75] Munir, N. ,Ahmad,N., Hussain,S.,Ghani, U.(2018). “Relationship of learning style and academic performance of secondary school students”. Rawal Medical Journal, vol. 43, No. 3.

[76] Muñoz-Mederos Jorge , Acosta-Gonzaga Elizabeth , Ruiz-Ledesma E.,F.(2021). “Do Learning Styles Enhance the Academic Performance of University Students? A Case Study”. (IJACSA) International Journal of Advanced Computer Science and Applications, Vol. 12, No. 6, 2021

[77] Narad, A. & Abdullah,B. (2016). “Academic Performance of Senior Secondary School Students: Influence of Parental Encouragement and School Environment”. Rupkatha Journal on Interdisciplinary Studies in Humanities (ISSN 0975-2935) ,Special Issue, Vol. VIII, No. 2 , http://rupkatha.com/V8/n2/02_Academic_Performance.pdf

[78] Nnamani, S. C., & Oyibe, O. A. (2016). “Gender and academic achievement of secondary school students in social studies in Abakaliki urban of Ebonyi State”. British journal of education, 4(8), 72-83.

[79] Noemy,M.S.(2017). ‘’ Exploring Academic Performance: Looking beyond Numerical Grade’’. Universal Journal of Educational Research 5(7): 1105-1112, 2017 DOI: 10.13189/ujer.2017.050703. http://www.hrpub.org

[80] Nurohmat, N. (2021). “The effect of online learning on students’ learning achievement:(Overview of learning English achievement)”. Jurnal Ilmu Pendidikan (JIP) STKIP Kusuma Negara, 12(2), 165-171

[81] Omoraka, S. (2001). “The Effect of Gender, Socioeconomic Status and school location”. Retrieved 26th August, 2010 from http/www/fundartticles.com/p/articles

[82] Otula P. A. (2007). “Mastery of Modern School Administration. Unpublished Work. Roy-Campbell, Z. M. 1995. Does Medium of Instruction Really Matter? The Language Question in Africa: The Tanzanian Experience”. Utafiti New Series, 2, 22- 39.

[83] O’Brien,T.(1994). ‘’Congnitive learning style and academic achievement in secondary education’’.Journal of Research and Development in Education. 28(1), 11-21. Psynet.apa.org

[84] Omar,N.,Mohamad,M.M. & Paimini,A.N.(2015). ‘’Dimension of learning styles and students academic achievement’’.Prcocedia-social and Behavioral science. 204, (2015), 172-182. www.sciencedirect.com

[85] Oros, Andrew L. 2007. “Let's Debate: Active Learning Encourages Student Participation and Critical Thinking.” Journal of Political Science Education 3 (3): 293–311.Google Scholar

[86] Prakash, G. (2011). “Madhyamik vidyalayon ke vidyarthion kee adhigam shailee aakaanksha sttar evem uplabdhiyon abhipreran ka unkee shaikshik uplabdhi par prabhav ka addhyayan”. http://hdl.handle.net/10603/128404

[87] P.,Rekha,M. & B., Praveen, K. (2015). “A Study on level of achievement and motivation of secondary school students.” International Journal of social and Economic Research , vol.-5 , issue-2 , page no. 76-74 , online issn 2249-6270.

[88] Putri A (2021). “The Impact of Learning and Thinking Styles on the Learning Outcomes of High School Students”.second international conference on science technology and modern society .p.285-289 10.2991/assehr.k.210909.064

[89] Rahmawati, Titisari, K.,H., & Pawenang S.(2021). “LEARNING INTEREST, ACHIEVEMENT MOTIVATION,

LEARNING STYLE, ANDSELF-RELIANCE OF LEARNING EFFECT ON STUDENT ACHIEVEMENT AT SMP BATIK SURAKARTA”. International Journal of Economics, Business and Accounting Research (IJEBAR). Vol-5, Issue-3, 2021 (IJEBAR) , E-ISSN: 2614-1280 P-ISSN 2622-4771 https://jurnal.stie-aas.ac.id/index.php/IJEBAR

[90] Raval,A.,B.(2017). “A Study of Educational Achievement of Standard XI Students in context of their Learning Style in reference to Family Type”.An International Multidisciplinary e-Journal, Vol. 2, Issue-IV, ISSN:2454-8367 ,https://www.researchgate.net/publication/357336525

[91] Reynolds, M. R., Scheiber, C., Hajovsky, D. B., Schwartz, B., & Kaufman, A. S. (2015). “Gender differences in academic achievement: Is writing an exception to the gender similarities hypothesis?”. The Journal of genetic psychology, 176(4), 211-234

[92] Richa (2015). “ A Study of academic achievement of secondary school students in relation to socioeconomic status.” Shikhas Anveshiva , vol.-5 , issue-1, page- 38-41 , online issue- 2348-7534.

[93] Ramos, R., Duque, J. C., & Nieto, S. (2016). “Decomposing the rural-urban differential in student achievement in Colombia using PISA microdata". Studies of Applied Economics, 34(2), 379-412.

[94] Saifi, S., & Mehmood, T. (2011). “Effects of socio-economic status on student’s achievement”. International Journal of Social Sciences & Education, 1, 2:119-128

[95] SARI M.P., HAYATI LAILA, KURNIWAAN A.,AASTIYA F.P.(2021). “ANALYSIS OFF STUDENTS PORFORMANCE ABOUT ONLINE LEACTURE INTURNS OF STUDENTS LEARNING STYLE:STUDY OF THE COVID 19 PANDAMIC.” TO THE ANUAL CONFRANCE ON EDUCATION AND SOCIAL SCIENCE,P 80-83.

[96] Siddiquei,N., Sarfraz, N.,Khan, U.(2024). “Gender-Based Analysis of Learning Styles among University Students in Pakistan: A Comprehensive Study.” The Dialogue 34 Volume 19 Issue 3

[97] Singhal, S. (2024). “Study on the Impact of Student-Related Factors on Student Academic Achievement in Different Courses of Meerut District,(UP) India”. International JOURNAL OF Innovative Research in Science and Engineering . Vol. 10 , issue 07 .www.ijirse.com

[98] Sinha, B.(2014). “Uchchatar Madhyamik Vidyalaya Ke Vidhyarthiyon Ki Shaikshik Upalabdhi Par Samvegatmak Buddhi Samvegatmak Paripakwata Evam Samajik Paripakwata Ke Prabhav Ka Adhyayan”. http://hdl.handle.net/10603/395649

[99] Shah, K.,Ahmed,J.Shenoy,N.,N.,Srikant (2013). “How different are students and their learning style ?”. International journal of research in medical sciences,1(3),elssn-2320-6012. www.msjonline.org

[100] Sharma,Ashita,A.(2009). “Learning styles across culture: study on learning style of students pursuing management education in india”.Management & change 2009, vol.13,i ssue:2, page no. 45-62

[101] Sharma, L. C.(2021) “maadhyamik star par uchch buddhilabdhi evan saadhaaran buddhilabdhi vaale shaharee va graameen vidyaarthiyon kee shaikshik upalabdhi ka tulanaatmak adhyayan kar unhen shaikshik nirdeshan pradaan karana”.http://hdl.handle.net/10603/403323

[102] Sharma Sunita (2016). “Madhyamik Shiksha ke Vibhinna Vidyalayon ki Shikshan Va Adhigam Uplabdhi ke Samalochanatmak Adhyayan Evam Navin Shikshan Vidhi ki Pratisthapna”. http://hdl.handle.net/10603/225343

[103] Shukla, Pushpalata,(2005). “Vibhinn samajik arthik star ke privaron me balak avam balikayon ko uplabady shakshik subidhayon ka tulynatmak adhyayyan."http://hdl.handle.net/10603/261433

[104] Sindhwani, A. & Rakhi (2021). “FIGURAL LEARNING STYLES AND ACADEMIC ACHIEVEMENT: A COMPARATIVE STUDY OF SENIOR SECONDARY SCHOOL STUDENTS IN ENGLISH”.GORTERIA JOURNAL , ISSN: 0017-2294 , VOLUME 34, ISSUE 1 - 2021 , Page No 232-242.

[105] Singh,J.,Singh, N.,Verma,H.K.(2020). “A scoping study on learning style, gender and academic performance of veterinary students of punjab india”. India journal of extension education 2020, vol. 56, issue 1, page no. 70-76, online isse 2454-552x.

[106] Singh, Mamta(2021). "Uchchar madhyamik star par vidharthiyo ke naitik mulyo ka unke samajik arthik star evam vidyalaya vatavaran ke sandarbho mein adhyayan". http://hdl.handle.net/10603/508536

[107] Singh,V. (2017). "Exploring the relationship between cognitive style and learning style with academic achievement of elementary school learner's". Educational Quest An International journal of education and applied social science.2017, vol.8, issue Spl, page no. 413-419, online isse 2230-7311.

[108] Singh S.,Cutting K.(2018). "LEARNING STYLE AND ACADEMIC ACHIEVEMENT OF SECONDARY SCHOOL STUDENTS"Journal of Emerging Technologies and Innovative Research (JETIR) Volume 5, Issue 7 ISSN-2349-5162 p 706-710 www.jetir.org

[109] Srivastava, Nisha .(2009). "Kanpur mahanagar me highschool star par uachch evam nimn shaikshik uplabdhi ke vidyarthiyo ki samany mansik yogyata samajik arthik sthiti upalabdh shaikshik suvidhao aur adhyayan ke prati abhiruchi ka tulanatmak adhyayan". http://hdl.handle.net/10603/277016

[110] Suleman, Q . (2012). "Effects of Parental Socioeconomic Status on the Academic Achievement of Secondary School Students in District Karak (Pakistan)".International Journal of Human Resource Studies ISSN 2162-3058 2012, Vol. 2, No. 4 .www.macrothink.org/ijhrs

[111] SUMAN, K. (2023). "saamaajik aarthik aadhaar par uchch maadhyamik star ke vidyaarthiyon kee maanasik sajagata evan upalabdhi ka tulanaatamak adhyayan jhaarakhand ke raanchee jila ke sandarbh mein". http://hdl.handle.net/10603/507773

[112] Suyu,T.,L.(2019). "Communication style and learning style of students in higher education institution". International journal of advanced research in management and social science, 2019, vol. 8, issue 6, page no. 816-831, 0nline isse- 2278-6236.

[113] Suryaman, M (2019). ''The Learning Style Preference Based on Gender Differences''. https://www.researchgate.net/publication/3374 39692

[114] Terregrossa, Rapha, A. ,Clark , Sylvia , D., Moy ,Ronald ,l.(2022). "A Comparison of learning style Models Ability to Explain Students Achievement" International Journal of Education Research 2022 vol.17 ISSUE 1 ,P 69 , ISSN 1932-8443.

[115] T.,N.,Winding & J.,H.,Andersen (2015). "Socieconomic difference of educational attainment among Yong adults.The role of social relations." European Journal of Public Health. Vol. 25 , issue suppl-3 . https://doi.org/10.1093/eurpub/ekv175.097

[116] Vincey, D. and Pugalenthi, N.(2016). "A STUDY OF LEARNING STYLE AND ACADEMIC ACHIEVEMENT OF THE STUDENT AT STANDARD XITH LEVEL". Shanlax International Journal of Arts, Science & Humanities.Vol. 3 No. 4 April 2016 ISSN: 2321 – 788X

[117] Wedig, Timothy. 2010. "Getting the Most from Classroom Simulations: Strategies for Maximizing Learning Outcomes." PS: Political Science and Politics 43 (3): 547–55.Google Scholar

[118] Yadav, S P. (2002). "A comparative study of learning style and academic achievement of high school students in relation to their socio economic status". http://hdl.handle.net/10603/167306

[119] Yen, J. C., & Lee, C. Y. (2011). "Exploring problem solving patterns and their impact on learning achievement in a blended learning environment". Computers & Education, 56(1), 138-145.

[120] Young, D. J. (1998). "Rural and Urban Differences in Student Achievement in Science and Mathematics: A Multilevel Analysis". School Effectiveness and School Improvement, 9(4), 386–418. https://doi.org/10.1080/0924345980090403

[121] Yusup, M., Marzani, M., Lubis, T., & Anggraeni, G. S. (2023). "The Influence of Learning Attitudes and Motivation on Students' Learning Achievement". JMKSP (Jurnal Manajemen, Kepemimpinan, dan Supervisi Pendidikan), 8(1), 1-14.

[122] Zheng, L., Bhagat, K. K., Zhen, Y., & Zhang, X. (2020). "The effectiveness of the flipped classroom on students' learning achievement and learning motivation". Journal of Educational Technology & Society, 23(1), 1-15.

[123] Zhong, B., & Wang, Y. (2021). "Effects of roles assignment and learning styles on pair learning in robotics education". International Journal of

Technology and Design Education, 31(1), 41-59.
[124] Zuana, M., Rumfot, S., Aziz, F., Handayani, E., & Lestari, N. (2023). “The Influence of Learning Styles (Visual, Kinesthetic and Auditory) on the Independence of Elementary Students’ Learning.” Journal on Education, 5(3), 7952-7957. https://doi.org/10.31004/joe.v5i3.1585
[125] shodhganga.in
[126] google.in